

डाक पंजीयन संख्या- RJ/JPM/160/2024-26

RNI NO.- RAJHIN/2021/80841

# संस्कार सृजन

हिन्दी पाक्षिक

CBC CODE-134222



सम्पादकः राम गोपाल सैनी
मो.: 9214996258

पृष्ठ संख्या 2

वर्षः 04 | अंकः 22 | पृष्ठ : 4 | जयपुर, रविवार 22 फरवरी, 2026 | मूल्यः 05 रू. | वार्षिक मूल्य : 150 रू.


## खाटू श्याम पदयात्रियों की सुविधा को लेकर जिला कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

### संस्कार सृजन संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन जिला कलेक्टर और एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर को करवाया परेशानी से अवगत

**जयपुर (संस्कार सृजन)**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन माह में बाबा श्याम का लक्खी मेला 21 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। विभिन्न समाजसेवी लोगों और संस्थाओं द्वारा भंडारा लगाकर पद यात्रियों की सेवा की जाती है, जो सराहनीय रहती है। मेले के दौरान पद यात्रियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी को लेकर आज संस्कार सृजन संस्था चौमूं के कार्यकारी अध्यक्ष और पशु क्रूरता निवारण समिति जयपुर के सदस्य शेर सिंह कुमावत के नेतृत्व में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुकेश कुमार मूंड को विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलेक्टर जयपुर के नाम ज्ञापन सौंपा।

कार्यकारी अध्यक्ष शेर सिंह कुमावत ने बताया कि ज्ञापन में भंडारा आयोजकों द्वारा प्रचुर मात्रा में प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग पर पाबंद करने, एनएच 52 पर



पदयात्रियों के लिए बने क्षतिग्रस्त श्याम पथ को दुरुस्त करवाने, भंडारा आयोजकों को श्यामपथ की परिधि को छोड़कर ही टेंट लगाने की अनुमति देने, भंडारे के दौरान फैली गंदगी और कूड़े-कचरे के निस्तारण करने के लिए आयोजकों को पाबंद करने और श्याम पद यात्रियों के लिए चल शौचालय की व्यवस्था करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा।

शेर सिंह ने आगे बताया कि भंडारे के दौरान प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग से पर्यावरण दूषित होता है और निराश्रित गोवंश कूड़ा कचरा खाकर अकाल मृत्यु का शिकार बनता है, इससे बचाया जा सकेगा। श्याम पथ के दुरुस्त होने से पद यात्रियों को सुगम और सुरक्षित पथ मिल सकेगा। श्याम पथ को छोड़कर भंडारा लगाने से सड़क हादसों में कमी के साथ-साथ नेशनल हाईवे पर वाहनों को रोड जाम से निजात मिलेगी। साथ ही कूड़ा कचरे का समय पर निस्तारण होने से श्याम पदयात्रियों और स्थानीय लोगों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा। वहीं चल शौचालय की व्यवस्था होने से गंदगी नहीं फैलेगी और बाबा श्याम के प्रति धार्मिक आस्था बनी रहेगी।

ज्ञापन में जिला कलेक्टर से संबंधित विभाग एनएचएआई, स्थानीय प्रशासन और भंडारा आयोजकों को तत्काल निर्देशित करने की मांग की गई। वहीं एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय आर्य को टांटियावास टोल प्रशासन द्वारा बंद पड़ी रोड लाइटो को चालू करवाने, सड़क किनारे पड़े गड्ढों को भरवाने और पशु विचरण क्षेत्र के संकेतक लगाने सहित उपरोक्त मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉक्टर हनुमान सहाय मीणा, लोकेश डेनवाल, विजय कुमावत सहित कई लोग मौजूद रहे।



## फूलों की होली से होगा होली मिलन समारोह 2026 का आयोजन

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** जयपुर शहर के निवासी समाजसेवी दामोदर तोषनीवाल के सानिध्य में होली मिलन समारोह का आयोजन जयपुर शहर में बड़े धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक दामोदर तोषनीवाल ने बताया कि 1 मार्च 2026 को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जयपुर शहर के श्री विला अपार्टमेंट, 26 एफ, कांति चंद रोड, बनीपार्क में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें ना तो अबीर का उपयोग होगा, ना गुलाल का उपयोग होगा और ना ही कलर का उपयोग होगा, सिर्फ म्यूजिकल कार्यक्रम के साथ फूलों की होली खेली जाएगी।



## अमरपुरा गौशाला में भामाशाह ने भेंट की कुर्सियां

**चौमूं (संस्कार सृजन)।** ग्राम पंचायत अमरपुरा में स्थित निर्माणाधीन नन्द बाबा गौशाला में ग्राम कालू का बास निवासी ओम प्रकाश ताराचंद मीणा ने अपने पिता की याद में दो सीमेंट की खुर्सी भेंट की। इस अवसर पर गौ भक्त कालूराम झाझडिया ने भामाशाह का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर समाजसेवी प्रकाश शर्मा, कमलेश दूण, विष्णु शर्मा मौजूद रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा का चौमूं आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**चौमूं (संस्कार सृजन)**

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा का चौमूं आगमन पर गढ़ गणेश जी मंदिर में स्वागत किया गया। शंकर गोरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की सभी को भारतीय जनता पार्टी के विचार और रीति नीति को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने युवाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई है जिसे हम सभी को प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुंचाने का कार्य करना होगा। चौमूं आगमन पर राधा स्वामी बाग तिराहे से लेकर बस स्टैंड तक जगह जगह जोरदार और भव्य स्वागत किया गया। बार एसोसिएशन चौमूं सहित सभी सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक प्रतिष्ठानों सहित सभी ने ढोल नगाड़ों के साथ चौमूं बस स्टैंड पर जेसीबी से पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया।।

गढ़ गणेश मंदिर परिसर में आयोजित युवा संवाद यात्रा में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। गणेश जी मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा मंदिर कमेटी ने बालकृष्ण शर्मा के नेतृत्व में भव्य स्वागत और अभिनंदन किया।

शंकर गोरा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आपके विश्वास पर सदैव खरा उतरने का



प्रयास करूंगा क्योंकि आप सब लोगों की दुवाओं और आशीर्वाद से ही आपके कस्बे से निकलकर राजस्थान जैसे राज्य का भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बना। जिसके लिए सदैव केंद्रीय और राज्य संगठन भाजपा पार्टी का सदैव ऋणी रहूंगा एवं पार्टी से युवाओं को जोड़ने का भरसक प्रयास करूंगा। गढ़ गणेश मंदिर परिसर में आयोजित युवा संवाद यात्रा में सभी का बड़ी संख्या में पधारकर समर्थन ओर आशीर्वाद देने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एडवोकेट सुरेश गोदारा, विजय शर्मा, किशन पंडित, अशोक विजयवर्गीय, अमित कुमावत, सीताराम बागड़ा, ओम पारीक, छोटी लाल कुमावत, शशि माहेश्वरी, सुमित महेश्वरी, सूरज बिवाल, पृथ्वी बिवाल, कानाराम थावरिया पार्षद, निलेश सर्राफ, अजय पलसानिया, मोहन बराला पूर्व सरपंच, केदार छिपा, सुनील चोपड़ा, एडवोकेट कैलाश अग्रवाल, महेंद्र यादव, अशोक शर्मा, मुरारी शर्मा, मीणा समाज अध्यक्ष रामचन्द्र मीणा सुभाष मीणा, साधुराम गोदारा, नारायण माली, गंगा सहाय माली गुरुजी, नरेंद्र सैनी, डॉ हिम्मत गुर्जर, विशाल गुर्जर, सुनील गढ़वाल, महेंद्र देवदा, डॉ रमेश देवदा, अशोक गोरा टारगेट, राहुल चाहर, संदीप गुप्ता, प्रदोष मान, जीतू योगी, तेजपाल देवदा, सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे।



## मोरीजा ग्राम में यादव समाज ने बेटियों की दहेज़ मुक्त शादी कर पेश की मिशाल

**चौमूं (संस्कार सृजन)।** मोरीजा ग्राम पंचायत में अहीरों की ढाणी में यादव समाज के दांतरता परिवार ने बेटियों की दहेज़ मुक्त शादी कर एक नयी पहल शुरू की।

समाजसेवी और विश्व यादव परिषद अध्यक्ष चौमूं मालीराम यादव ने बताया कि किरण यादव, मीना यादव सुपुत्री मुरलीधर यादव की शादी चौमूं निवासी डाक्टर मुकेश कुमार, राहुल यादव सुपुत्र कन्हैयालाल यादव के साथ हुई।

यादव समाज के सभी संगठन व लोगों ने इस मुहीम पर वर पक्ष व वधु पक्ष की प्रशंसा की।

इस दौरान पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, मोरीजा प्रशासक मंगल चंद सैनी, विश्व यादव परिषद प्रदेश अध्यक्ष रामदेव यादव, राजस्थान यादव महासभा चौमूं अध्यक्ष सुभाष डागर, प्रदेश सचिव डॉ. सुषमा यादव, RLP प्रत्याशी छुट्टन यादव, पूर्व सरपंच बलवीर शर्मा, सरस डेयरी के सचिव कैलाश चोपडा सहित कई लोगों ने शिरकत की।

## E×pert Talk के अन्तर्गत डॉ. अशोक पाल सिंह ने दी विशेष जानकारियां

**हरिद्वार (संस्कार सृजन)।** पी.एम. श्री रा.उ.मा.वि. जिला मंगलौर, नारसन, हरिद्वार के अन्तर्गत विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान E×pert Talk के अन्तर्गत डॉ. अशोक पाल स.अ./ एल.टी. रा.उ.मा.वि. बिझोली, नारसन, हरिद्वार, के द्वारा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली के सम्बन्ध में छात्र/ छात्राओं को विशेष जानकारी प्रदान की गयी। जिससे विद्यालय परिवार उनका आभारी है और छात्र/छात्राओं के उनके कथन आगे बढाने में सराहनीय भूमिका




निभायगें, तथा प्रत्येक छात्र/छात्रा को वृक्षारोपण करने के लिये प्रेरित किया गया। Mentoring by Eminent E×pert के अन्तर्गत शानेकरीम सिद्दीकी प्रभारी खण्ड शिक्षा अधिकारी, नारसन, हरिद्वार के द्वारा Mentoring by Eminent E×pert (विज्ञान, गणित तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी) के सम्बन्ध में छात्र/छात्राओं को विशेष जानकारी प्रदान की गयी। अतः उपरोक्त कार्यशालाओं में विद्यालय परिवार वक्ताओं का आभारी रहेगा।

## संपादकीय

# एआई में वैश्विक ताकत बनता भारत

एआई अगली औद्योगिक क्रांति है। पूरा विश्व इसके कारनामों से अभिभूत है। भारत इसके महत्व को भांपते हुए एआई महाकुंभ का आयोजन कर रहा है और अमेरिका व चीन के समकक्ष होने का संदेश दे रहा है। यह सम्मेलन बता रहा है कि भारत केवल एआई का उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता बनने की दौड़ में अमेरिका और चीन को कड़ी टक्कर दे रहा है। एआई कंप्यूटर विज्ञान की वह शाखा है, जो मशीनों को इंसानों की तरह सोचने, सीखने, समस्या सुलझाने और निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है। यह तकनीक डाटा का विश्लेषण करके पैटर्न पहचानती है और उसके आधार पर काम करती है। इसके कई तरह के लाभ हैं, फिर चाहे वे स्वास्थ्य क्षेत्र में हों या कारोबारी क्षेत्र में या फिर जटिल वैज्ञानिक समस्याओं को सुलझाने के मामले में। इसी कारण इसे ऐसी शक्ति कहते हैं, जिसे अपनाने और जिसके साथ कौशल विकसित करने वाले भविष्य में आगे रहेंगे। भारत ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' के जरिये विश्व स्तर पर अपनी तकनीकी क्षमताओं का लोहा मनवाया है। नई दिल्ली का एआई सम्मेलन केवल कूटनीतिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह वैश्विक तकनीकी विमर्श में भारत की सक्रिय और दूरदर्शी भूमिका का संकेतक है। यह सम्मेलन स्पष्ट करता है कि भारत एआई को केवल प्रतिस्पर्द्धा या प्रभुत्व के उपकरण के रूप में नहीं, बल्कि समावेशी विकास और मानव कल्याण के साधन के रूप में देखता है। आज जब एआई को लेकर विश्व के शक्तिशाली देशों के बीच होड़ तेज हो रही है, तब भारत का यह प्रयास संतुलित और नैतिक दिशा देने की पहल के रूप में सामने आया है। भारत का दृष्टिकोण 'पीपुल, प्लैनेट और प्रोग्रेस' पर आधारित है, जिसका अर्थ है कि तकनीक का विकास मानव केंद्रित हो, पर्यावरण के अनुकूल हो और सतत प्रगति को बढ़ावा देने वाला हो। यह व्यापक एजेंडा दर्शाता है कि भारत तकनीकी शक्ति को केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं रखना चाहता, बल्कि इसे सामाजिक न्याय और वैश्विक समानता से जोड़ना चाहता है। विशेष रूप से 'मिनी एआई' की अवधारणा इस सोच को और स्पष्ट करती है। ऐसे मॉडल, जो कम संसाधनों में भी प्रभावी हों, बहुभाषी हों और कमजोर इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले क्षेत्रों में भी काम कर सकें, वे विकासशील देशों के लिए वरदान सिद्ध हो सकते हैं। इससे जब एआई गांवों, छोटे उद्यमों और स्थानीय भाषाओं तक पहुंचेगा, तभी उसका लोकतंत्रीकरण संभव होगा।

भारत एआई के समावेशी इस्तेमाल की वकालत कर रहा है। यह सच है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज की दुनिया में एक क्रांतिकारी तकनीक के रूप में उभर रही है, पर इस तकनीकी क्रांति की एक छिपी हुई कीमत भी है, जो है- बड़े पैमाने पर पानी और ऊर्जा की खपत। इससे पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा हो रही हैं। जब लाखों लोग प्रतिदिन इन स्वचालित प्रणालियों का उपयोग करते हैं, तब इसके पर्यावरणीय प्रभाव उतने ही खतरनाक होते हैं। एआई की बढ़ती मांग ने आंकड़े जमा करने वाले केंद्रों की संख्या और आकार में अभूतपूर्व वृद्धि की है। अभी दुनिया भर में लगभग 11,000 ऐसे केंद्र संचालित हैं और इनकी जल खपत चौंकाने वाली है। एक मध्यम आकार का केंद्र रोजाना लगभग 3 लाख गैलन पानी की खपत करता है, जो करीब 1,000 परिवारों की वार्षिक आवश्यकता के बराबर है। बड़े केंद्र तो प्रतिदिन 50 लाख गैलन तक पानी खर्च करते हैं, जो 10,000 से 50,000 लोगों के एक छोटे शहर की जरूरत के बराबर है। अमेरिका में 2024 में आंकड़ा भंडारण केंद्रों ने प्रतिदिन लगभग 44.9 करोड़ गैलन पानी का उपयोग किया था, जो सालाना 163.7 अरब गैलन के बराबर है। टेक्सास राज्य में स्थिति और भी चिंताजनक है। वहां के केंद्रों ने 2025 में 49 अरब गैलन पानी का उपयोग किया, जो 2030 तक बढ़कर 399 अरब गैलन तक पहुंच सकता है। एम्स्टर्डम के एक शोध के अनुसार, 2025 में केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणालियों का जल पद-चिह्न 312.5 से 764.6 अरब लीटर तक था, जो विश्वभर में बोतलबंद पानी की वार्षिक खपत के बराबर है। वैसे, इन केंद्रों की ऊर्जा खपत भी चिंता का विषय है। एक पारंपरिक केंद्र 10,000 से 25,000 घरों जितनी बिजली का उपयोग करता है, लेकिन नए एआई-केंद्रित विशालकाय भंडारण केंद्र एक लाख या उससे अधिक घरों जितनी बिजली खर्च करते हैं। 2024 में इन केंद्रों ने दुनिया में लगभग 415 टेरावाट-घंटे बिजली की खपत की, जो थाईलैंड जैसे देश की वार्षिक ऊर्जा खपत के बराबर है। माना जा रहा है कि यह आंकड़ा 2030 तक बढ़कर 945 टेरावाट-घंटे हो जाएगा। , जो जापान की वर्तमान बिजली मांग के बराबर है। साफ है, अगर भारत में एआई भंडारण केंद्र बनाने पर जोर दिया जाएगा।




# 23 फरवरी से 1 मार्च तक ये राशियां रहेंगी लकी, गजकेसरी योग से मिलेगा लाभ

इस साल 23 फरवरी से 1 मार्च तक विभिन्न राशियों के लिए अच्छा समय रहेगा। इस दौरान गजकेसरी राजयोग बन रहा है, जिसके कारण कईराशियों को लाभ होगा। चंद्रमा को मन का कारक कहा जाता है। चंद्रमा जब गुरु के साथ मिलते हैं, तो गजकेसरी राजयोग बनता है। इस वीक गजकेसरी राजयोग बन रहा है, जो इस वीक को कई राशियों के लिए लकी बना देगा। इस वीक 26 फरवरी को यह योग बन रहा है, जब चंद्रमा मिथुन राशि में गोचर करेंगे। इस राशि में पहले से ही गुरु विराजमान हैं। इस प्रकार दोनों के एक साथ आने से कई राशियों के लिए इस वीक लाभ के योग के साथ भाग्य का साथ भी मिलेगा। आपको बता दें कि चंद्रमा सबसे जल्दी-जल्दी राशि बदलते हैं। चंद्रमा एक राशि में सिर्फ ढ़ाई दिन रहते हैं। इसलिए गजकेसरी राजयोग का लाभ भी आपको इतने ही समय के लिए मिलेगा। आपको बता दें कि अगर आपकी कुंडली में कमजोर चंद्रमा है, तो आपको डिप्रेशन, आपकी माता से आपके रिश्ते खराब होंगे। इसलिए आपको अगर अपनी राशि का चंद्रमा सही करना है, तो शिवजी की पूजा करें और मां को खुश रखें। सोमवार को शिवजी पर जल और दूध चढ़ाएं, चांदी के गिलास में पानी पीना, और पूर्णिमा को चंद्रमा को अर्घ्य दें। **मिथुन राशि वालों के लिए कैसे लकी रहेगा वीक**-मिथुन राशि वालों के लिए यह वीक बहुत खास रहने वाला है, क्योंकि आपको बिजनेस में किसी प्रोजेक्ट से लाभ होगा। आपका निवेश भी अच्छा रिटर्न देगा और आपकी लाइफ में समृद्धि रहेगी। आपके लिए कुल मिलाकर फाइनेंशियल में आपके लाभ के योग बन रहे हैं। अगर आप बिजनेस से जुड़े हैं, तो आपको फिलहाल ज्यादा तनाव लेने की जरूरत नहीं है। **कन्या राशि वालों के लिए भी लाभ के योग, लकी रहेगा वीक**-कन्या राशि वालों के लिएसमय नए मौके और लाभ दोनों लाने वाला है। आपको फ्यूचर में लाभ के योग मिलेंगे। क्रिएटिव लोगों के लिए अच्छे योग है.,आपके टैलेंट की लोग कद्र करेंगे और बाहर भी आपको सम्मान मिलेगा। आपके लिए समय अच्छा है।

**मीन राशिवालों के लिए यह सप्ताह कैसा रहेगा?**इस समय मीन राशि वालों को आर्थिक तौर परअच्छे लाभ के योग मिलेंगे। आपके लिए लाभ के साथ प्रोफेशनल लाइफ में भी आगे बढ़ने का मौका रहेगा। लेकिन आपको सावधानी जरूर बरतनी होगी, आपकी एक लापरवाही आपको नुकसान दिला सकता है। आपके लिए समृद्धि आपको फेवर करेगी। फ्रेंड्स और सोशल लाइफ से भी आपको लाभ होगा।



# अमूल्य ज्ञान का बोध

## ✻ सोलह संस्कार

1.गर्भाधान संस्कार 2. पुंसवन संस्कार 3. सीमन्तोन्नयन संस्कार 4. जातकर्म संस्कार 5. नामकरण संस्कार 6.निष्क्रमण संस्कार 7. अन्नप्राशन संस्कार 8. मुंडन संस्कार 9. कर्णवेधन संस्कार 10. यज्ञोपवीत संस्कार 11. वेदारंभ संस्कार 12. केशांत संस्कार 13. समावर्तन संस्कार 14. विवाह संस्कार 15. सन्यास संस्कार 16. अन्त्येष्टि संस्कार

## ✻ अष्ट सिद्धि

1.अणिमा 2. महिमा 3. गरिमा 4. लघिमा . 5.प्राप्ति 6. प्राकाम्य 7. ईशित्व 8. वशित्व

## ✻ नव निधियां

1.पद्म निधि 2. महापद्म निधि 3. नील 4. मुकुंद निधि 5. नंद निधि 6.मकर निधि 7. कच्छप निधि 8. शंख निधि 9. खर्व निधि

## ✻ 27 नक्षत्र

1.आश्विन, 2.भरणी, 3.कृतिका, 4.रोहिणी, 5.मृगशिरा, 6.आर्द्रा 7.पुनर्वसु, 8.पुष्य, 9.आश्लेषा, 10.मघा, 11.पूर्वा फाल्गुनी, 12.उत्तरा फाल्गुनी, 13.हस्त, 14.चित्रा, 15.स्वाति, 16.विशाखा, 1।.अनुराधा, 18.ज्येष्ठा, 19.मूल, 20.पूर्वाषाढ़ा, 21.उत्तराषाढ़ा, 22.श्रवण, 23.धनिष्ठा, 24.शतभिषा, 25.पूर्वा भाद्रपद, 26.उत्तरा भाद्रपद और 27.रेवती

## ✻ 12 राशियाँ

1. मेष 2. वृषभ 3. मिथुन 4. कर्क 5. सिंह 6. कन्या 7. तुला 8. वृश्चिक 9. धनु 10. मकर 11. कुम्भ 12.मीन

## ✻ नवग्रह

1.सूर्य 2.चंद्र 3.मंगल 4.बुध 5.बृहस्पति 6.शुक्र 7.शनि 8.राहू 9.केतु

## ✻ चार वेद

1.ऋग्वेद 2.यजुर्वेद 3.सामवेद 4.अथर्ववेद

## ✻ सप्त ऋषि

1.वशिष्ठ 2.विश्वामित्र 3.कण्व 4.भारद्वाज 5.अत्रि 6.वामदेव 7.शौनक

## ✻ 18 पुराण

1.ब्रह्म पुराण 2.पद्म पुराण 3.विष्णु पुराण 4. वायु पुराण (शिव पुराण)5.भागवत पुराण 6.नारद पुराण 7. मार्कण्डेय पुराण 8.अग्नि पुराण 9.भविष्य पुराण 10.ब्रह्मवैवर्त पुराण 11.लिंग पुराण 12.वाराह पुराण 13.स्कन्द पुराण 14.वामन पुराण 15.कूर्म पुराण 16.मत्स्य पुराण 17.गरुड पुराण 18.ब्रह्माण्ड पुराण

## ✻ सोलह श्रृंगार

1.बिंदी, 2. सिंदूर, 3. काजल, 4. मेहन्दी, 5. चूड़ियाँ, 6. मंगल सूत्र, 7. नथ, 8. गजरा, 9. मांग टीका, 10. झुमके, 11. बाजूबंद, 12. कमरबंद, 13. बिछिया, 14. पायल, 15. अंगूठी, 16. स्नान

# खाटू श्याम मंदिर में आठ दिवसीय लक्खी फाल्गुन मेले का हुआ शुभारंभ

**सीकर (संस्कार सृजन)।** सीकर जिले के विश्वविख्यात खाटूधाम में बाबा लखदातार श्याम का आठ दिवसीय लक्खी फाल्गुन मेले का शुभारंभ 21 फरवरी से



श्रद्धा और उल्लास के साथ हो गया है। मुख्य मेला 27 फरवरी (फाल्गुन एकादशी) को आयोजित होगा, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

फाल्गुन मेले को दिव्य और आकर्षक बनाने के लिए श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। मंदिर के सिंहद्वार पर भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि इस बार 120 बंगाली कारीगरों द्वारा भव्य सजावट कराई गई है। परिसर में विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, ताकि श्रद्धालु बाबा श्याम के साथ सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें।

देशभर से आने वाले श्रद्धालु रींगस डाइवर्जन, चारण मेला मैदान, लखदातार मैदान और 40 फीट नवीन मार्ग से होकर सुगमता से बाबा श्याम के दरबार में पहुंच रहे हैं। राजस्थान पुलिस, प्रशासन और मंदिर कमेटी ने दर्शन व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं।

राजस्थान पुलिस द्वारा मेले में व्यापक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि मेले के दौरान त्वरित सहायता के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 के साथ ही मोबाइल नंबर 9667600788 जारी किया गया है। दोनों हेल्पलाइन 24 घंटे सक्रिय रहेंगी। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए 12 पुलिस सहायता बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां से मार्गदर्शन एवं सुरक्षा संबंधी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। फाल्गुन मेले में जहां एक ओर भक्ति और उत्साह का माहौल है, वहीं प्रशासन और पुलिस की सतर्क व्यवस्था श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम दर्शन का भरोसा दिला रही है। खाटूधाम में इस समय श्रद्धा, भव्यता और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

# विराज फाउंडेशन के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा रस महोत्सव का होगा आयोजन

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में 2 अप्रैल से 8 अप्रैल तक राजविलास गार्डन, जयपुर रोड, चौमूं में श्रीमद्भागवत कथा रस महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस पावन आयोजन के लिए फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी, शिक्षा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सोलंकी सहित अन्य पदाधिकारियों ने श्रीधाम वृंदावन पहुंचकर सुप्रसिद्ध, यशस्वी और अनुभवी भागवत प्रवक्ता सुमंत कृष्ण शास्त्री महाराज से सादर भेंट की और उन्हें कथा वाचन हेतु आमंत्रित किया। फाउंडेशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश कुमार कुमावत एवं जयप्रकाश तिवाड़ी ने बताया कि इस कथा महोत्सव का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना का जागरण करना और धर्म, भक्ति एवं संस्कारों का प्रसार करना है।




# शाहपुरा शहर में पेयजल सुधार को मिली गति

**शाहपुरा (संस्कार सृजन)।** शहर में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने की दिशा में लगभग 12 किलोमीटर लंबी नई पाइपलाइन बिछाने के लिए 94.58 लाख की राशि का अनुज्ञापत्र जारी किया गया है। विधायक यादव ने बताया कि शीघ्र ही इसकी वित्तीय स्वीकृति जारी करवाकर निविदा आमंत्रित करवाई जाएगी जिसके बाद कार्य प्रारंभ कराया जाएगा, जिससे आमजन को पेयजल संकट से राहत मिलेगी। जानकारी के अनुसार, यह स्वीकृति क्षेत्र की पेयजल समस्या को देखते हुए जारी की गई है। नई पाइपलाइन बिछने से जल आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी तथा गर्मी के मौसम में होने वाली दिक्कतों में कमी आएगी। गौरतलब है कि शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने क्षेत्र में पुरानी और जर्जर पाइपलाइनों की समस्या को लेकर विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इसके बाद विभाग द्वारा सकारात्मक कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के लिए अनुज्ञापत्र जारी किया गया। स्थानीय नागरिकों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे शहर के विकास और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम बताया है।



धर्म दर्शन

# पाक्षिक राशिफल


अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता
पंडित रविन्द्राचार्य

**मेष-** स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। प्रेम-संतान की स्थिति थोड़ी मध्यम है । अपनों में वृद्धि होगी और अंत में व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होने के संकेत हैं। व्यापार के साथ-साथ पराक्रम बढ़ेगा। एक बड़ा ही शुभ समय आपका दिख रहा है। पीली वस्तु पास रखना शुभ होगा।

**वृषभ-** स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है। व्यापार अच्छा है। यात्रा के प्रबल योग बन रहे हैं। खर्च की अधिकताएं मन को परेशान करेंगी। धन, कुटुंब अत्यंत सुखकारी होगा। पीली वस्तु का दान करना शुभ होगा।

**मिथुन-** स्वास्थ्य में सुधार हो चुका है। प्रेम-संतान की भी स्थिति अच्छी है। थोड़ा सा चोट-चपेट न लगे, इस बात का ध्यान रखिएगा। घबराहट-बेचैनी बनी रहेगी। अंत बहुत अच्छा हो जाएगा । पीली वस्तु का दान करना शुभ होगा।

**कर्क-** पर्सनल लाइफ और प्रोफेशनल लाइफ दोनों ही बहुत अच्छी दिख रही हैं। बस पिता से और सरकारी तंत्र से मत उलझिएगा। मूत्र रोग थोड़ा परेशान कर सकता है। लेकिन पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ अच्छी है। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। हरी वस्तु का दान करना शुभ होगा।

**सिंह-** स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है। व्यापार अच्छा है। थोड़ा उदर रोग से परेशान हो सकते हैं और नौकरी-चाकरी में थोड़ी स्ट्रगल संभव है। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी और अंत में आर्थिक स्थिति मजबूत होगी पीली वस्तु पास रखना शुभ होगा।

**कन्या-** जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है। व्यापार अच्छा है। थोड़ा नर्व और स्किन की प्रॉब्लम हो सकती है। यात्रा का योग बनेगा। भाग्य साथ देगा। लाल वस्तु का दान करना शुभ होगा।

**तुला-** भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी का प्रबल योग बनेगा । स्वास्थ्य पहले से बेहतर होगा, प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी होगी, व्यापार अच्छा होगा। शुगर के मरीज को थोड़ा सा ध्यान देने की आवश्यकता पड़ेगी । शुभता बनेगी, भाग्य साथ देगा।

**वृश्चिक-** स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी है। घर में थोड़ी नकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है, बाकी सारी स्थिति आपकी बहुत अच्छी है। घरेलू चीजों को शांत होकर निपटाइएगा। अंत थोड़ा खराब है,चोट-चपेट देने वाला । हरी वस्तु का दान करना शुभ होगा।

**धनु-** धन बढ़ रहा है, यश बढ़ रहा है, कीर्ति बढ़ रही है। स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। बस नाक-कान-गले की थोड़ी परेशानी हो सकती है। सरकारी तंत्र से पंगेबाजी मत करिएगा। शत्रु उपद्रव करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप शांत करा देंगे । लाल वस्तु पास रखना शुभ होगा।

**मकर-** रोब-रुआब बना हुआ है, आपके अंदर एक तेज विद्यमान है। बस गंदी भाषा के प्रयोग से बचिएगा। बाकी स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार आपका बहुत अच्छा है। अंत थोड़ा स्वास्थ्य के लिए मध्यम रहेगा । काली जी को प्रणाम करना शुभ होगा।

**कुंभ-** थोड़ी घबराहट, बेचैनी, मानसिक परेशानी इत्यादि बनी रहेगी, लेकिन




कोई बड़ी परेशानी नहीं है। प्रेम-संतान भी थोड़ा मध्यम है, लेकिन समीपता रहेगी। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी । भावुक होकर कोई निर्णय मत लीजिएगा। हरी वस्तु पास रखना शुभ होगा।

**मीन-** सरकारी तंत्र से पंगेबाजी मत करिए। सरदर्द, नेत्र-पीड़ा, पार्टनरशिप में प्रॉब्लम इत्यादि दिख रही है। प्रेम-संतान में उतार-चढ़ाव रहेगा, व्यापार आपका लगभग ठीक रहेगा। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। काली वस्तु का दान करना आपके लिए शुभ होगा।

# मूर्ख मगरमच्छ और गीदड़

बहुत पुरानी बात है एक तालाब में एक मगरमच्छ और कछुआ रहते थे। उसी तालाब में एक गीदड़ पानी पीने आया करता था। मगरमच्छ ने तालाब की सारी मछलियां खाकर खत्म कर दी अब तालाब में कोई भी मछली नहीं बची थी। मगरमच्छ को खाना न मिलने से अब मगरमच्छ को भूखा रहना पड़ता था ।

एक दिन मगरमच्छ को बहुत तेज भूख लगी थी वह सोचने लगा - मैंने तो तालाब की सारी मछलियां खाकर खत्म कर दीं, अब मेरे पास खाने के लिए कुछ नहीं है । अब क्या खाऊं । एक गीदड़ रोज यहाँ आता था आज वह भी पानी पीने नहीं आया।

कुछ देर बाद कछुआ मगरमच्छ के पास आकर पूछता है- भाई मगरमच्छ ! आज तुम बहुत उदास लग रहे हो क्या बात है । मगरमच्छ कछुए की बात सुन कर कहता है- मुझे बहुत तेज भूख लग रही है और खाने के लिए तालाब में मछलियां नहीं बची है । मैं सोच रहा था कि यदि गीदड़ पानी पीने आता तो उसी से अपनी भूख मिटा लेता, किंतु वह तो बहुत चालाक है और यहां पानी पीने नहीं आ रहा है।

मगरमच्छ की बात सुनकर कछुआ कहता है- भाई मगरमच्छ ! इस तालाब की सारी मछलियाँ तो तुमने पहले ही ख़त्म कर दी हैं और गीदड़ भी तुम्हारे डर से यहाँ नहीं आता । इसमें भला मैं क्या कर सकता हूँ ?

मगरमच्छ कछुए से बोला- भाई कछु तुम तो मेरे परम मित्र हो, क्या ऐसी मुश्किल घड़ी में अपने मित्र का साथ नहीं दोगे । कुछ ऐसा उपाय करो कि गीदड़ खुद पर खुद मेरे पास चला आये ।


प्रभाती लाल सैनी

कछुआ बोला- मित्र तुम्हे तकलीफ में देखकर मुझे अच्छा नहीं लग रहा है । मैं कुछ उपाय करता हूं । तुम एक काम करना, मैं किसी तरह गीदड़ को यहां लेकर आता हूं और तुम सांस रोके हुए ऐसे पड़े रहना जैसे कि मर गए हो।

मगरमच्छ कछुए की बात समझ गया और तालाब में सांस रोके हुए पड़ा था जैसे मार गया हो। कुछ ही देर में गीदड़ वहां से गुजरता है । गीदड़ को देखकर कछुआ जोर-जोर से रोने लगता है । कछुए के रोने की आवाज सुनकर गीदड़ कछुआ के पास आकर पूछता है - भाई कछुआ! क्या हुआ तुम इतना क्यों रो रहे हो?

कछुआ बोला - मेरा मित्र मगरमच्छ अब इस दुनिया में नहीं रहा । मैं उसी की याद में रो रहा हूं।

गीदड़ मन ही मन सोचता है कि अच्छा हुआ यह मगरमच्छ मर गया अब मैं निश्चिंत होकर पानी पी सकता हूं । अब मुझे कोई डर नहीं है । तभी कछुआ गीदड़ से कहता है - चलो भाई गीदड़ इस मगरमच्छ के ऊपर कुछ घास पत्तियां डालकर इसका अंतिम संस्कार कर देते हैं।

गीदड़ मगरमच्छ के पास जा ही रहा था तभी उसे प्रतीत होता है की मगरमच्छ अभी मरा नहीं है और कछुआ उसे बेवकूफ बना रहा है । कुछ सोचकर गीदड़ कछुआ से बोला - भाई कछुआ! मैंने सुना है कि मगरमच्छ की पूँछ मरने के बाद भी हिलती रहती है लेकिन इसकी पूछ तो नहीं हिल रही है । लगता है मगरमच्छ अभी मरा नहीं है।

यह सुनकर मगरमच्छ सोचता है कि अगर मैं पूछ नहीं हिलाऊंगा तो गीदड़ को यह लगेगा कि मैं जिंदा हूं और वह भाग जाएगा । इतना सोचकर मगरमच्छ अपनी पूँछ हिलाने लगता है। मगरमच्छ की पूँछ हिलती देखकर गीदड़ दूर भाग जाता है और कछुए से कहता है- देखो अपने मित्र को वह जिंदा है । तुम दोनों मिलकर मुझे मूर्ख बना रहे थे । इतना कहकर गीदड़ वहां से भाग जाता है।

कछुआ मगरमच्छ से झल्लाते हुए कहता है, अपनी आंखें खोल दो गीदड़ तो भाग गया है तुम बिल्कुल मुर्ख हो जो गीदड़ की चाल में आ गए मूर्ख हमेशा मूर्ख ही रहता है।

## ऐ बसन्त (कविता)

ऐ बसन्त,तू इतनी जल्दी
मत जाना।
तनिक रूक कर जाना।
मन भरता ही नहीं
क्या करूं।
तुझे देखूं, देखूं,देखूं
बस,देखती ही रहूँ।
लेकिन क्या करूं,
समय है कि, ठहरता ही नहीं।
बस,भागता- भागता और
भागता ही जा रहा है।
किसी प्रेयसी की पीड़ा को
समझता ही नहीं।
खैर,क्या कहूँ किसी से।
तेरे जाने के बाद
सिवाय,विरहाग्नि के
कुछ बचता ही नहीं।


कृष्णा रावत, आमेर

# गायत्री प्रज्ञापीठ के जीर्णोद्धार को लेकर बैठक का हुआ

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** शहर की राधा बाग कॉलोनी में स्थित गायत्री विद्यापीठ संस्थान पर गायत्री परिवार ट्रस्ट चौमूं के कार्यकारिणी ट्रस्टी सदस्यों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। गायत्री यज्ञ के पश्चात गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। प्रज्ञा पीठ परिसर में हो रहे भवन निर्माण की समीक्षा हेतु विशेष चर्चा की गई। ट्रस्ट अध्यक्ष विनेश कुमार अग्रवाल ने भवन निर्माण के आगे की रूपरेखा प्रकट की। ट्रस्ट सचिव ने राजकुमार शर्मा ने अब तक हुए भवन निर्माण का हिसाब-किताब सदस्यों के समक्ष रखा। आगे बताया कि बहुत जल्द ही एक सांस्कृतिक केंद्र बनने जा रहा है जिसमें आगे चलकर भारतीय संस्कृति से जुड़ी



सभी कार्यक्रम एवं गतिविधियों का केंद्र बनेगा। जिसका उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार प्रसार रहेगा। साथ ही उपाध्यक्ष एड. जितेंद्र सिंह बीजावत ने बताया कि जीर्णोधार के कार्य में किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग ही नही अपितु हर एक धर्मप्रेमी एवं सज्जन का सहयोग और अनुदान होना चाहिए ताकि सभी की भावनाएं जुड़ सकें। जो भी परिजन इस पावन कार्य में अपना अनुदान देना चाहता है तो उस भामाशाह का स्वागत है। साथ ही गोष्ठी में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा हुई । जानकारी के लिए आपको बता दें कि वर्तमान में जीर्णोधार का कार्य प्रगति पर है। इस दौरान बैठक के दौरान रामधन टाक, सावरमल अग्रवाल, दिनेश खेमावाला, रामबाबू सैन, उमराव यादव, कालूराम कटारिया, सुरेश विजय, रामवतार महाजन, हरीश कुमावत, मदनलाल विजय, सोहनलाल कुमावत, परिव्राजक दयाराम राजपाल, कार्यकर्ता रमेश राजपाल सहित आदि परिजन उपस्थित रहे।



## युवा पाल बघेल गडरिया समाज विकास समिति ने शुरू की हर घर कन्यादान योजना

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** युवा पाल बघेल (गडरिया) समाज विकास समिति जयपुर के तत्वावधान में जयपुर समाज में हर घर कन्यादान योजना की शुरुआत की गई है। इसकी शुरुआत जयपुर वाटिका निवासी सुभाष चंद्र बघेल की पुत्री पूजा बघेल के विवाह समारोह से हुई। इसमें योजना के तहत 8100 रुपए युवाओं की तरफ से कन्यादान किया गया। कन्यादान योजना को सफल बनाने हेतु समाज के दानवीर आगे भी समाज के युवा इस योजना को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

## प्रदेश के 296 शहरों में वेस्ट वाटर मैनेजमेंट के तहत कार्य किये जाएंगे: स्वायत्त शासन राज्य मंत्री

जयपुर(नि.सं.)। स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने विधानसभा में कहा कि प्रदेश के बहुत से शहर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान्ट की स्थापना के लिए मापदण्ड पूरा नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि जहाजपुर सहित ऐसे 296 शहरों में वर्ष 2025-26 की बजट घोषणा के तहत वेस्ट वाटर मेनेजमेंट के व्यापक कार्य किए जाएंगे। जहाजपुर में वेस्ट वाटर को इकट्ठा कर पाइप लाइन के जरिये ट्रीटमेंट प्लान्ट तक लाया जाएगा तथा ठोस मानव अपशिष्ट को एफएसटीपी के माध्यम से शोधित किया जाएगा। खर्रा ने आश्वस्त किया कि वित्त विभाग से स्वीकृति प्राप्त होते ही सभी शहरों में वेस्ट वाटर मेनेजमेंट के कार्य किये जाएंगे। स्वायत्त शासन राज्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान विधायक श्री गोपीचन्द मीणा द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि स्टेट सीवरेज एण्ड वेस्ट वाटर पॉलिसी 2025 के तहत किसी भी शहर में सीवरेज नेटवर्क के लिए वाटर सप्लाई 135 एलपीसीडी तथा जनसंख्या घनत्व कम से कम 100 व्यक्ति प्रति हेक्टेयर होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जहाजपुर में वाटर सप्लाई 135 एलपीसीडी से कम है तथा जन संख्या घनत्व भी तय मानक से कम है।




## जयपुर के आसमान में सूर्यकिरण विमानों ने बनाया तिरंगा

जयपुर (नि.सं.)। जयपुर में जलमहल पर भारतीय वायुसेना का एयर शो हुआ। इसमें सूर्यकिरण एरोबेटिक्स टीम के 9 विमानों और सारंग टीम के 5 हेलिकॉप्टर ने आसमान में करतब दिखाए।सबसे पहले सारंग टीम के 5 हेलिकॉप्टर ने नाहरगढ़ बेस से उड़ान भरी। इन हेलिकॉप्टर ने आसमान में आई फॉर्मेशन बनाई। डबल एरो क्रॉस और हार्ट पिचिंग फॉर्मेशन भी आकर्षण का केंद्र रहीं। सूर्यकिरण के 9 विमानों ने तेजस फॉर्मेशन के साथ एंट्री ली। इसके बाद बैरल रोल फॉर्मेशन बनाई। विमानों ने महज 5 मीटर की दूरी पर करीब 1000 फीट की ऊंचाई पर 18 मैन्युवर पेश किए। सूर्यकिरण ने आखिरी फॉर्मेशन में तिरंगे की झलक दिखाई। सूर्यकिरण टीम का यह 801वां शो रहा।

# स्वाभिमान दा ऑक्सीजन फिल्म के प्रीमियर शो पर किया राष्ट्रपति को आमंत्रित

जयपुर (संस्कार सृजन)। मीणा जनजाति के गौरवशाली इतिहास पर बनाई गयी हिन्दी फिल्म स्वाभिमान दा ऑक्सीजन के विशेष प्रीमियर शो पर अध्यक्षता के लिए आज राष्ट्रपति को विधिवत रूप से ई मेल कर पूजा फिल्म्स कोटपूतली की तरफ से लिखित प्रार्थना पत्र पेश कर आमंत्रित करते हुए उनसे पूर्वानुमति मांगी गयी है । इस फिल्म के लेखक, अभिनेता, गीतकार व निर्देशक बादल झरवाल इस फिल्म का विशेष प्रीमियर शो राष्ट्रपति की उपस्थिति में ही रखने की योजना पर विगत दो महीनों से प्रयास कर रहे हैं । बादल झरवाल का स्पष्ट कहना है कि राष्ट्रपति की पूर्वानुमति मिलने के उपरान्त ही इस विशेष प्रीमियर शो मे




शामिल होने वाले सभी अतिथियों और मीडिया बंधुओं को और हमारी इस फिल्म की यूनिट को आमंत्रित किया जायेगा । इस फिल्म को हम 17 अप्रेल,2026 को सिनेमा घरों में रिलीज़ करने जा रहे है और उससे पहले हम इस फिल्म का विशेष प्रीमियर शो रखना चाहते है । हमारी इस फिल्म को हम आगामी सभी महत्वपूर्ण फिल्म समारोहों में भी भाग लेने के लिए पेश करेंगे । हमारी यह फिल्म मीणा जनजाति के गौरवशाली इतिहास पर आधारित ऐसी पहली हिन्दी फिल्म है, जिसमें इस जनजाति के गौरवशाली इतिहास को दिखाया गया है । इस फिल्म में जो प्रेम कहानी दिखाई गयी है । वो भी बहुत लाजवाब है । जिसका वास्तविक क्लाइमेक्स इस फिल्म के तीसरे पार्ट में ही देखने को मिलेगा ।

# पीएम विश्वकर्मा योजना में आवेदनों के क्रम में हो बजट का आवंटन : हनुमान बेनीवाल

जयपुर(नि.सं.)। नई दिल्ली में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमों व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने उद्योग विभाग की संसदीय स्थाई समिति की बैठक में भाग लिया ,बैठक में भारी उद्योग व एमएसएमई मंत्रालय के सचिवों तथा अधिकारियों ने आगामी सत्र में विभाग की अनुदान मांगो के संदर्भ में होने वाले विषयों पर समिति के समक्ष बात रखी । सांसद ने बैठक में कई प्रश्नों को उठाया ,उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत मंत्रालय द्वारा 30 लाख सफल पंजीकरण का लक्ष्य पूर्ण कर लेने का उल्लेख किया गया है, जबकि उपलब्ध जानकारी के अनुसार कुल मिलाकर 2 करोड़ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। ऐसी स्थिति में शेष आवेदनों के संबंध में मंत्रालय की भावी कार्ययोजना के ब्यौरे को लेकर सवाल पूछा वहीं सांसद ने कहा कि जब चालू वर्ष में इस योजना हेतु बजटीय आवंटन घटाकर 3,800 करोड़ कर दिया गया है जो यह दर्शाता कि मंत्रालय पारंपरिक कारीगरों के सशक्तिकरण का दावा कर रहा है, जबकि दूसरी ओर अत्यधिक संख्या में प्राप्त आवेदनों के बावजूद केवल लक्षित पंजीकरण संख्या की प्राप्ति पर ध्यान केंद्रित का रहा है। ऐसे में सांसद ने इस विसंगति को कैसे स्पष्ट करते हुए सभी पात्र आवेदकों को चरणबद्ध अथवा अन्य किसी माध्यम से लाभान्वित करने हेतु ठोस कदम उठाने का सुझाव दिया वहीं एमएसएमई पर बोलते हुए कहा कि गत वर्ष लगाए गए उच्च टैरिफ के कारण क्षेत्र, विशेषकर निर्यात आधारित इकाइयाँ, गंभीर रूप से प्रभावित हुई। ऐसी स्थिति में अपेक्षा थी कि कौशल विकास, विपणन प्रोत्साहन एवं प्रशिक्षण संबंधी योजनाओं के बजट में वृद्धि की जाएगी ।



## राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में तनुजा अग्रवाल ने की आर्थिक सहायता

जयपुर (संस्कार सृजन)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चौमूं में रोटरी क्लब मिडटाउन जयपुर की अध्यक्षा तनुजा अग्रवाल के द्वारा विद्यालय की 12 छात्राओं को जिनके पिता का असमय ही निधन हो गया, प्रत्येक को 10,000 रुपये की राशि का चेक सहायता के रूप में दिया गया।इस तरह कुल 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि दी गई। रोटरी क्लब मिडटाउन के द्वारा प्रति वर्ष विद्यालय की विधवा माताओं को जिनकी बच्चियां इस विद्यालय में पढ़ती है उन्हें ये राशि प्रदान की जाती है। विद्यालय की प्राचार्य ममता थरेजा ने छात्राओं तथा उनकी माताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सचिव डॉ आदित्य नाग, पूर्व अध्यक्ष कांतिलाल बजाज, अरविंद कुमार शर्मा, सुषमा बजाज, मयूर यूनीकार्टर के प्रतिनिधि मुकेश सिंह, विष्णु शर्मा, सभी बालिकाओं की माताएं, स्कूल स्टाफ के सुरेश सैनी, भूमिजा कव्या, पूनम पारीक, कमलेश कटारिया, नम्रता कुमावत, प्रियांशु कौशिक, सुमन देवी, मनफूली देवी आदि उपस्थित रहे।

# स्टाम्प पेपर बिक्री से सरकार की कमाई बढ़ी:5 साल में डबल हुई

जयपुर। स्टाम्प पेपर की बिक्री से राजस्थान में सरकार की अच्छी कमाई हो रही है। पिछले 5 साल में स्टाम्प पेपर की बिक्री और रजिस्ट्री (रजिस्ट्रेशन) की फीस से सरकार को मिलने वाली इनकम दोगुनी से ज्यादा हो गई है। इसके पीछे कारण डीएलसी दरों में बढ़ोतरी और स्टांप पेपर पर लगाई 30 फीसदी ड्यूटी है। मुद्रांक एवं पंजीयन विभाग की एक रिपोर्ट देखें तो राज्य सरकार को स्टाम्प पेपर की बिक्री और अचल सम्पत्तियों के खरीद-बेचान डॉक्युमेंट के रजिस्ट्रेशन से अब तक (1 अप्रैल 2025 से 18 फरवरी 2026 तक) करीब 10,663 करोड़ रुपए से ज्यादा का रेवेन्यू मिल चुका है। ये रेवेन्यू सरकार को गत वित्तवर्ष 2024-25 (1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) के कुल रेवेन्यू से 121 करोड़ रुपए से ज्यादा है। इसे देखते हुए सरकार ने अब रेवेन्यू के अपने इस टारगेट को भी बढ़ाकर 15 हजार करोड़ रुपए तक कर दिया है। विशेषज्ञों के मुताबिक जयपुर समेत प्रदेश के कई शहरों में भजनलाल सरकार ने




सत्ता में आने के बाद डीएलसी दरों में बढ़ोतरी की है। ये बढ़ोतरी 25 फीसदी से 35 फीसदी तक की है। कोविड शुरू होन के बाद से दिसंबर 2023 डीएलसी दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। इसके अलावा दूसरा बड़ा कारण स्टाम्प ड्यूटी पर 30 फीसदी का सरचार्ज लगाना और बाजार से लगभग 10 रुपए के स्टाम्प की बिक्री को अघोषित तौर पर बंद करना है। अब किसी भी छोटे से छोटे शपथ पत्र के लिए न्यूनतम तापमान 50 रुपए कीमत का स्टांप देना पड़ता है, जो बाजार में 30 फीसदी सरचार्ज के बाद 65 रुपए का मिलता है। कोविड आने और उसके बाद कुछ समय तक अचल सम्पत्तियों (आवासीय, वाणिज्यिक और कृषि उपयोग) की खरीद में गिरावट हुई थी। लेकिन 2022 के बाद से वापस लोगों को रूझान अचल सम्पत्तियों की खरीद-बेचान में बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा सरकार की एजेंसियों (विकास प्राधिकरण, यूआईटी, हाउसिंग बोर्ड) की कई योजनाओं भी बाजार में लांच होने से लोगों का रूझान इसमें बढ़ा है।

जयपुर विकास प्राधिकरण | सुशासन की दिशा में जयपुर विकास प्राधिकरण का बड़ा कदम

# जेडीए में आरक्षण पत्र जारी करने की प्रक्रिया होगी ऑनलाइन

## ई-साइन और रियल-टाइम उपलब्धता के साथ आरक्षण पत्र अब पोर्टल आधारित

**जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने हितधारकों से संवाद कर, अधिकारियों को दिये निर्देश**




जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार सुशासन एवं ई-गवर्नेंस को सुदृढ़ करते हुए जयपुर विकास प्राधिकरण ने आरक्षण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को एंड-टू-एंड ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है। आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देशानुसार विकसित की जा रही इस डिजिटल प्रणाली के तहत दस्तावेज़ अपलोड, ऑनलाइन परीक्षण, अनुमोदन एवं निर्गमन तक की संपूर्ण कार्यवाही पोर्टल आधारित होगी। नई व्यवस्था के माध्यम से आवेदक घर बैठे अपने प्रकरण की अद्यतन स्थिति, आवश्यक टिप्पणियाँ एवं संबंधित अभिलेख देख सकेंगे। इससे न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, बल्कि प्रक्रिया में लगने वाला समय भी घटेगा और नागरिकों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

**सुझावों से संवरता विकास का खाका**

जयपुर विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से आयुक्त महाजन ने आयोजित संवाद कार्यक्रम में विभिन्न हितधारकों से विस्तृत चर्चा की। बैठक में शहरी नियोजन, प्रक्रियागत सरलीकरण, जनसुविधाओं के विस्तार तथा जयपुर के समग्र विकास से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया साथ ही कार्यक्रम में पधारे आमजन के लम्बित प्रकरणों का भी हाथों हाथ अवोलकन कर संबंधित उपायुक्त को समयबद्ध तरीके से निस्तारण के निर्देश दिए । इस दौरान जेडीए आयुक्त ने जनसुनवाई प्रकरणों की समीक्षा भी की साथ ही अधिकारियों को सुझावों का परीक्षण करवा कर प्राथमिकता के साथ लागू करने के निर्देश दिये। संवाद कार्यक्रम में पधारे हितधारकों ने जेडीए की इस पहल पर संतोष जताया है। आयुक्त महाजन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऑनलाइन प्रणाली लागू करने के साथ तीन वर्ष से अधिक पुराने लंबित प्रकरणों एवं लिगेसी डेटा का परीक्षण कर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। इससे अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण, लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण तथा प्रशासनिक पारदर्शिता को बल मिलेगा। गौरतलब है कि जेडीए द्वारा विभिन्न योजनाओं में अधिग्रहित भूमि के बदले पूर्व में जारी मैनुअल आरक्षण पत्रों का चरणबद्ध डिजिटलीकरण भी प्रारंभ कर दिया गया है। पुराने हस्तलिखित एवं मुद्रित अभिलेखों का डेटा एंट्री के माध्यम से कंप्यूटरीकरण कर उन्हें प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है। जिससे संबंधित हितधारक बिना कार्यालय आए आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकें। अब जयपुर विकास प्राधिकरण ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए आगामी समय में जारी किए जाने वाले सभी आरक्षण पत्र ई-प्रणाली के माध्यम से तैयार करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत अधिकृत अधिकारी द्वारा ई-साइन किए गए दस्तावेज़ सीधे ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे। इससे दस्तावेज़ों की प्रामाणिकता सुनिश्चित होगी, रिकॉर्ड प्रबंधन सुव्यवस्थित होगा साथ ही मानवीय त्रुटियों की संभावना न्यूनतम रहेगी।

उल्लेखनीय है कि डिजिटल माध्यम से सेवा प्रदायगी को सरल बनाकर प्राधिकरण ने शहर के सुव्यवस्थित विकास एवं जनसुविधाओं के सशक्तीकरण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित किया है।

## प्रदेश में लाइसेंस एवं वाहनों से संबंधित अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन : डॉ. प्रेमचंद बैरवा

जयपुर(नि.सं.)। उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शुक्रवार को विधानसभा में बताया कि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा सपोटरा से पहली बार वातानुकूलित बस सेवाएं शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि भविष्य में सपोटरा में उप परिवहन कार्यालय खोलने पर प्राथमिकता से विचार किया जाएगा। डॉ. बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार वंचित क्षेत्रों में परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के आमजन की सुविधा के लिए लाइसेंस एवं वाहनों से संबंधित अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन कर दी गई हैं, जिससे आमजन को अब परिवहन संबंधी कार्यों के लिए जिला मुख्यालयों तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उपमुख्यमंत्री सदस्य हंसराज मीणा द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि सपोटरा पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल तक वातानुकूलित बस सेवा से वंचित था। वर्तमान सरकार द्वारा सपोटरा से एसी बस सेवा शुरू की है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में राजस्थान पथ परिवहन निगम के बस बेड़े में और बसें शामिल की जाएंगी, जिसके बाद सपोटरा से त्रिनेत्र गणेश जी, सवाई माधोपुर के लिए बस सेवा का संचालन शुरू किया जाएगा।



RNI N0. - RAJHIN/2021/80841
www.sanskarnews.page
EMAIL-sanskarsrijan21@gmail.com
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित।
उपसंपादक- रजनीश सैनी